
**खबर संक्षेप**

## छात्र छात्राओं ने किया आईटीसीई कंप्यूटर सेंटर का औद्योगिक भ्रमण



**भुआबिछिया।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नैझर वि.ख.घुघरी के सूचना प्रौद्योगिकी के विद्यार्थियों ने प्राचार्य मुकेश कुमार छांटा एवं व्यवसायिक नोडल वर्गीस परेरा के मार्गदर्शन में बिछिया नगर परिषद के अंतर्गत स्थित आईटीसीई कंप्यूटर सेंटर का औद्योगिक भ्रमण किया।इस दौरान छात्रों को आधुनिक कंप्यूटर तकनीक और उससे जुड़े रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई ।सेंटर संचालक द्वारा विभिन्न कंप्यूटर कोर्स ,डिजिटल सेवाओं और स्टार्टअप की कार्यप्रणाली का प्रत्यक्ष अवलोकन कराया गया ।उन्होंने बताया कि आज के दौर में कंप्यूटर का ज्ञान हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण है और सही प्रशिक्षण से छात्र खुद का व्यवसाय शुरू कर रोजगार प्राप्त कर सकते हैं ।छात्रों ने कम्प्यूटर नेटवर्किंग डेटा प्रोसेसिंग प्रिंटिंग और ग्राफिक डिजाइन जैसे कार्यों को करीब से देखा जिससे वे काफी उत्साहित हुए।छात्रों को ऐसे भ्रमण आत्मनिर्भरता और नवाचार की सोच को बढ़ावा देते हैं।भ्रमण के दौरान व्यवसायिक प्रशिक्षक रंजीत हरदहा एवं अन्य शिक्षक शामिल हुए।

## मण्डला जिला लोधी क्षत्रिय समाज एवं आलोक संघ की बैठक 28 को

**मण्डला।** समस्त स्वजातीय बंधुओ माताओ बहनों को सूचित किया जाता है कि जिला लोधी क्षत्रिय समाज मंडला एवं आलोक संघ की संयुक्त बैठक लोधी टॉवर झूला पुल रोड रामबाग सकवाह में दिनांक 28/09/2025 दिन रविवार को दोपहर 3 बजे से आयोजित की गई है। बैठक के मुख्य बिंदु-दिनांक 05 अक्टूबर 2025 को जिला लोधी क्षत्रिय समाज मंडला की जिला एवं ब्लॉक कार्यकारिणी के निर्वाचन के संबंध में चर्चा। अखिल भारतीय लोधी लोधा लोध अधिकारी/ कर्मचारी संघ (आलोक) का लोकतांत्रिक प्रक्रिया से निर्वाचन सम्पन्न कराने हेतु चर्चा एवं आवश्यक तैयारियां नवोदय जागृति अभियान के अंतर्गत निःशुल्क पुस्तक वितरण एवं निःशुल्क कोचिंग क्लास हेतु चर्चा। महाराजपुर संगम में निर्माणाधीन लोधी क्षत्रिय समाज की धर्मशाला में सहयोग करने हेतु चर्चा। अन्य विषय अध्यक्ष महोदय की सहमति से चर्चा। कृपया आप सभी समय का ध्यान रखते हुए बैठक में अवश्य पधारें एवं सहयोग करें।

**आदिम जाति सेवा सहकारी समिति बकौरी की वार्षिक साधारण आमसभा संपन्न**

# आय बढ़ाने के संसाधन तैयार करेगी समिति

*** कलेक्टर दर से वेतन तथा शासन से प्राप्त अनुदान राशि का एकमुश्त मासिक भुगतान का निर्णय।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला/बकौरी



आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित बकौरी पं.कं. 304 की वार्षिक साधारण आमसभा का आयोजन शनिवार, 27 सितंबर 2025 को समिति कार्यालय प्रांगण में सम्पन्न हुई। म.प्र. सहकारी समिति अधिनियम 49 उपनियम 21 एवं 22 के प्रावधानों के अंतर्गत आयोजित इस सभा में सदस्यों की उपस्थिति रही।


सभा की कार्यवाही समिति अध्यक्ष की अध्यक्षता में संपन्न हुई। प्रारंभ में वर्ष 2024-25 का वार्षिक वित्तीय पत्रक एवं आय-व्यय विवरण प्रस्तुत किया गया, जिसे सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया। इसके पश्चात वर्ष 2024-25 के अंकेक्षण पालन प्रतिवेदन पर विचार कर आपत्तियों का निराकरण किया गया और प्रतिवेदन को अनुमोदित किया गया।

आगामी वर्ष 2026-27 के अनुमानित आय-व्यय बजट को सभा में प्रस्तुत किया गया, जिस पर विस्तार से चर्चा के उपरांत स्वीकृति दी गई। इसी क्रम में वर्ष 2025-26 हेतु अंकेक्षण के लिए संपरीक्षक नियुक्त करने का निर्णय लिया गया।



सभा में संचालक मंडल की बैठकों में लिए गए निर्णयों की पुष्टि की गई। साथ ही समिति की आय बढ़ाने के लिए अन्य व्यवसाय किए जाने का प्रस्ताव पारित हुआ। शासन से प्राप्त प्रबंधकीय अनुदान राशि का कर्मचारियों को पद के अनुरूप भुगतान करने पर भी सहमति बनी। आयुक्त भोपाल के आदेशानुसार कर्मचारियों को कलेक्टर दर से वेतन तथा शासन से प्राप्त अनुदान राशि का एकमुश्त मासिक भुगतान किए जाने पर निर्णय लिया गया। इसके अलावा वरिष्ठता एवं योग्यता के आधार पर कार्यरत कर्मचारियों को पदोन्नति देने का भी प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। सभा में उपस्थित सदस्यों ने सहकारी भावना के अनुरूप पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ संस्था के कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। आमसभा में चर्चा के दौरान यह भी जोर दिया गया कि समिति की आमदनी बढ़ाने के लिए कृषि आधारित गतिविधियों, जनोपयोगी सेवाओं और स्थानीय जरूरतों को ध्यान में रखते हुए नए व्यवसाय शुरू किए जाएं। बैठक के अंत में अध्यक्ष ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया और आशा जताई कि समिति आने वाले वर्षों में और अधिक मजबूत होगी तथा क्षेत्र के किसानों व सदस्यों को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाएगी।

## महर्षि विद्या मंदिर के प्राचार्य डॉ. उपेंद्र शुक्ला का निधन




*** शिक्षा जगत में शोक की लहर।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

शिक्षा जगत और सामाजिक क्षेत्र के लिए गहरा आघात देने वाली खबर यह है कि महर्षि विद्या मंदिर, मण्डला के प्राचार्य डॉ. उपेंद्र शुक्ला जी अब हमारे बीच नहीं रहे। शनिवार सुबह अचानक उनकी तबीयत बिगड़ने पर उन्हें परिजनों और सहयोगियों द्वारा जबलपुर ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली।

डॉ. शुक्ला एक समर्पित शिक्षक, कुशल प्रशासक और लोकप्रिय व्यक्तित्व के धनी थे। वे न केवल विद्यालय परिवार में बल्कि पूरे शहर के बच्चों और अभिभावकों के बीच बेहद सम्मानित और प्रिय रहे। अपनी सहजता, सादगी और अनुशासनप्रियता के लिए वे सभी के बीच अलग पहचान रखते थे।

शिक्षा के क्षेत्र में उनकी सेवाएँ अमूल्य रही हैं। उनके नेतृत्व में महर्षि विद्या मंदिर ने अनेक उपलब्धियाँ हासिल कीं और विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यों के साथ श्रेष्ठ नागरिक बनाने में उन्होंने अहम भूमिका निभाई। वे हमेशा विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ संस्कार और सामाजिक उत्तरदायित्व का महत्व समझाते रहे।

सामाजिक क्षेत्र में भी डॉ. शुक्ला का योगदान उल्लेखनीय रहा। वे वरिष्ठ रोटेरियन थे और रोटरी क्लब के माध्यम से कई सामाजिक व सेवाभावी कार्यक्रमों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे। समाजसेवा, शिक्षा और मानवीय मूल्यों के प्रति उनकी निष्ठा ने उन्हें एक प्रेरणादायी व्यक्तित्व के रूप में स्थापित किया।

उनके असामयिक निधन की खबर से विद्यालय परिवार, रोटरी क्लब और पूरे नगर में गहरा शोक व्याप्त है। विद्यार्थी, अभिभावक और शिक्षकों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी है। सभी ने इस दुख की घड़ी में उनके परिवार को शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

डॉ. उपेंद्र शुक्ला का निधन न केवल विद्यालय परिवार के लिए बल्कि पूरे शिक्षा जगत के लिए अपूरणीय क्षति है।

## युवक की संदिग्ध मौत, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका, उच्चस्तरीय जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला



जिले के घुघरी थाना क्षेत्र के ग्राम सलवाह में 20 अगस्त 2025 की रात एक युवक की fc संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मृतक के परिजनों ने इसे आत्महत्या न मानकर हत्या करार देते हुए चार लोगों पर गंभीर आरोप लगाए हैं और पुलिस महानिरीक्षक बालाघाट, जिला प्रशासन सहित मंडला पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। आवेदक सालिकराम साहू, निवासी ग्राम भौदा ने अपने पत्र में बताया कि उनका 35 वर्षीय पुत्र नंदकिशोर साहू ग्राम सलवाह में अपनी ससुराल में रह रहा था। आरोप है कि 20 अगस्त की रात लगभग आठ बजे नंदकिशोर ने अपने परिजनों को फोन पर जानकारी दी थी कि उस पर ससुराल पक्ष के लोग लगातार दबाव डाल रहे हैं और मारने की धमकी दे रहे हैं। कुछ समय बाद नंदकिशोर का बेटा आकाश ने घरवालों को सूचना दी कि उसके पिता फांसी पर लटके हुए हैं। परिजन जब मौके पर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि नंदकिशोर का शव आधी गर्दन से गमछे में लटका हुआ था और गले पर दबाव के निशान थे। परिवार का आरोप है कि यह आत्महत्या का मामला नहीं बल्कि गला दबाकर हत्या कर फांसी का रूप देने की कोशिश है। आवेदक ने मृतक की ससुराल पक्ष के चार लोगों—गणेश साहू (शिक्षक), उनकी पत्नी कपुराबाई, दामाद दुर्गेश साहू और मनीष साहू—पर प्रताड़ना और हत्या का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज करने तथा पीड़ित परिवार को सुरक्षा मुहैया कराने की मांग की है। पुलिस ने आवेदन प्राप्त कर जांच शुरू करने की बात कही है। परिजनों का कहना है कि मृतक नंदकिशोर न तो शराब पीता था और न ही किसी विवाद में रहता था। परिवार का आरोप है कि पहले भी कई बार सामाजिक स्तर पर झगड़े का समझौता कराया गया था, फिर भी ससुराल पक्ष उसे लगातार प्रताड़ित करता था।मामले की गंभीरता को देखते हुए क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।

## देवी का केवल नाम ले लेने पापों से मिल जाती मुक्ति-पं. संतोष शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला



बम्हनीबंजर अंतर्गत ग्राम ढेंकों में नवरात्र पर्व अंतर्गत देवी महापुराण का आयोजन किया जा रहा है। यहां कथा में कथावाचक पं. संतोष शास्त्री पदमी वाले ने बताया कि शास्त्रों के अनुसार, कलियुग में देवी का केवल नाम ले लेने मात्र से ही पापों से मुक्ति मिल जाती है। किसी भी शुभ काम के मौके पर यज्ञ किया जाता है। यज्ञ करने से घर का वातावरण शुद्ध होता है, कहा जाता है, यज्ञ करने पर यज्ञ में दी गई आहुति का एक भाग सीधे देवी-देवताओं को प्राप्त होता है। उससे घर में देवी-देवताओं की कृपा सदा बनी रहती है, साथ ही वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा भी बढ़ती है। ध्यान लगाने से मन को शांति मिलती है। शांत मन से किसी भी समस्या का हल निकाला जा सकता है। साथ ही ध्यान लगाने से कई मानसिक और शारीरिक रोगों का भी नाश होता है। शास्त्री जी ने बताया कि मनुष्य के जीवन में कई इच्छाएं होती हैं। हर इच्छा को पूरा कर पाना संभव नहीं होता। ऐसे में मनुष्य को अपने मन में संतोष (संतुष्टि) रखना बहुत जरूरी होता है। असंतोष की वजह से मन में जलन, लालच जैसी भावनाएं जन्म लेने लगती हैं। जिनकी वजह से मनुष्य गलत काम तक करने को तैयार हो जाता है। बताया गया कि 22 सितंबर से देवी महापुराण का आयोजन शुरू किया गया है, 1 अक्टूबर को पूजन, हवन भण्डारा के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।

**लोकार्पण** | **सांसद श्री कुलस्ते ने किया उप स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण।**

# ग्राम बरवाही को मिली स्वास्थ्य सुविधा की सौगात





*** लोकार्पण के बाद सांसद श्री कुलस्ते ने स्वयं भी अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

बीजाडांडी विकासखंड के ग्राम बरवाही में शनिवार को आयुष्मान आरोग्यम केंद्र का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने फीता काटकर केंद्र का शुभारंभ किया। बीएमओ डॉ. अखिल गजभिए ने बताया कि इस उप स्वास्थ्य केन्द्र की निर्माण लागत लगभग 50 लाख रुपये है।

लोकार्पण के बाद सांसद श्री कुलस्ते ने स्वयं भी अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया और ग्रामीणों को संदेश दिया कि समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि केंद्र से ग्रामीणों को निःशुल्क उपचार, परामर्श और नियमित जांच की सुविधा उपलब्ध होगी। सांसद श्री कुलस्ते ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत सरकार का उद्देश्य है कि गाँव-गाँव तक प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचें, जिससे आमजन को छोटी-छोटी बीमारियों के लिए शहर न जाना पड़े। यहाँ आयोजित मंचीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद श्री कुलस्ते ने कहा कि बरवाही से उनका पुराना नाता रहा है। यहाँ कुकरा तालाब गहरीकरण और बरवाही के हाईस्कूल को हायरसेकेंडरी में अपग्रेड करने, क्षेत्र में लिफ्ट सिंचाई परियोजना का लाभ दिलाने सहित अन्य मुद्दों पर विचार करने की बात स्थानीय लोगों ने कही।

सांसद श्री कुलस्ते ने कहा कि वे लगातार क्षेत्र की जनता की आवश्यकताओं पर काम कर रहे हैं। हाल ही में बीजाडांडी में उन्होंने विकास कार्यों की समीक्षा बैठक ली थी, जिसमें जन-मन अभियान के तहत अधूरे विकास कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि जो आवश्यक काम इस सूची में शामिल नहीं हैं, उन्हें भी प्राथमिकता से जोड़कर पूरा किया जाएगा। कार्यक्रम में राकेश सिंह परस्ते, डीएल कुंभारे, आदित्य मिश्रा, अजीत श्रीवास्तव, राहुल सिसोदिया, जाकिर हुसैन, जगदीश टेकाम, सरपंच श्रीधर कुंजाम, उप सरपंच श्रीमती स्वाति यादव सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## दिव्यांग बच्चों ने किए माता रानी के दर्शन, खिले बच्चों के चेहरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला



नवरात्रि के पावन पर्व पर संपूर्ण नगर में मां जगदम्बा की आराधना पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ की जा रही है। नगर के विभिन्न क्षेत्रों में आकर्षक पंडाल सजाकर माता रानी की भव्य प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं, जहां श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। इसी धार्मिक उल्लास के बीच नगर के बड़ी खैरी क्षेत्र में संचालित जस्टिस तंखा मेमोरियल रोटरी फॉर स्पेशल चिल्ड्रन स्कूल की सराहनीय पहल देखने को मिली। विद्यालय के डारेक्टर संजय तिवारी के मार्गदर्शन में शिक्षिकाओं ने दिव्यांग बच्चों को खैरी और कृषि उपज मंडी में स्थापित मां दुर्गा के पंडालों के दर्शन कराए।



दर्शन के दौरान बच्चों के चेहरों पर प्रसन्नता और उल्लास झलक उठा। माता रानी की भव्य प्रतिमाएं और रंग-बिरंगी सजावट देख बच्चे आनंदित हो गए। इस आयोजन से न केवल उन्हें धार्मिक अनुभूति मिली, बल्कि समाज से जुड़ने का अवसर भी प्राप्त हुआ। विद्यालय प्रबंधन और शिक्षिकाओं की इस मानवीय और संवेदनशील पहल की नगरवासियों ने भी दिल खोलकर प्रशंसा की।

# नवरात्र पर्व पर पंडालों में विराजी माँ जगत जननी



शक्कर नदी पुल के पास स्थापित।



पलोहा नाका के पास स्थापित प्रतिमा



झंडाचौक पर स्थापित प्रतिमा



शिवालय चौक के पास स्थापित प्रतिमा।



पुराने बिजली आफिस के पास स्थापित प्रतिमा



महावीन भवन के पास स्थापित माँ काली की प्रतिमा

# सहावन में विराजमान मातारानी की पलक झपकाते हुये प्रतिमा का पंचमी के मौके पर स्कंदमाता रूप का पूजन करते हुये माँगा आर्शीवाद

**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।** चल रहे शारदेय नवरात्र के दौरान मातारानी की आराधना की धूम बची हुई देखी जा रहा है। शहर से लेकर गांवों में जहां देवी दर्शनों के लिये भक्तों की भीड़ उमड़ते हुये देखी जा रही है तो दूसरी ओर देवी की प्रतिमाओं की स्थापना के दौरान जिस तरह झांकियों को सजावट दी जा रही है उसके चलते चारो ओर धार्मिक महौल दिखाई देने से नही चूक रहा है। इसी प्रकार से सालीचौका क्षेत्र भी पूर्णरूप से माँ जगत जननीमय होते हुये नजर आ रहा है। वही देखा जा रहा है कि संपूर्ण सालीचौका क्षेत्र के ग्राम सहावन में पलक झपकाने वाली मातारानी की प्रतिमा संपूर्ण क्षेत्र के लिये आकर्षण केन्द्र बनने से नही चूक पाई हे। इस तरह कल शनिवार को लोगों ने पंचमी के मौके पर यहां पहुंचकर माँ स्कंदमात के रूप का पूजन करते हुये आर्शीवाद मांगा गया। भक्तों ने नवरात्र पंचमी के अवसर पर माँ स्कंदमाता के रूप में प्रकट होती है। इस में बताया जाता है कि पंचमी के मौके पर माँ करकमलों में कुमार कार्तिकेय को लिए, सिंह पर आरूढ़, करुणा और शौर्य का संगम बनकर। उनके मुखमंडल पर अद्वितीय शांति



है, पर नेत्रों में तप, तेज और शक्ति का आलोक। माँ की गोद में विराजित स्कंद ही युद्ध के देवता हैं, किन्तु माँ का हृदय है, वात्सल्य से परिपूर्ण, मानव मात्र के लिए अनंत करुणा का स्त्रोत। आराधना में भक्त समर्पित करते हैं। इस दिन माँ को केले का भोग, क्योंकि फल की मधुरता व माँ की ममता का प्रतीक है। सुगंधित पुष्पों से सजा आसन, माँ की गोद का विस्तार बन जाता है, जहाँ शरण लेने वाला निर्भय हो जाता है। आध्यात्मिक रूप में माँ स्कंदमाता ज्ञान और वैराग्य की ज्योति हैं। वे कहती हैं कि सच्चा साधक वही है जो आत्मा की गहराई में उतरकर ममता और करुणा से जगत को आलोकित करे। उनकी उपासना में छिपा है हृदय की शुद्धि का रहस्य, मन के संशयों का विसर्जन और आत्मबल की अनंत प्राप्ति। माँ का भक्त जब माँ स्कंदमाता का ध्यान करते हैं तो वे केवल फल और सुख की याचना नहीं करते, बल्कि ज्ञान की वह सीढ़ी पाते हैं, जो उन्हें ईश्वर के साक्षात्कार तक ले जाती है। उनकी उपासना का फल है, धैर्य, विवेक और अनंत साहस। वह साहस जो विपत्तियों में भी मनुष्य को अडिग बनाए रखता है। वर्तमान समय में जब संसार भय, अशांति और असुरक्षा से घिरा है। माँ स्कंदमाता का व्रत और उनकी उपासना और भी प्रासंगिक हो जाती है। आज आवश्यकता है कि हम उनके वात्सल्य में शरण लें, अपने हृदय को निर्मल करें,और भीतर जागृत करें वह शक्ति जो करुणा के साथ संगठित हो जो साहस को करुणा से जोड़े और विवेक को धर्म से। माँ स्कंदमाता का आशीष भक्तों के लिए ढाल है, उनका स्मरण ही कवच है, उनकी गोद ही शरण है।और उनका व्रत आज के अशांत युग में मनुष्य के भीतर वह संतुलन रचता है जो जीवन को सार्थक बना देता है।

# देवी दरबारों में माँ दुर्गा को चंदेवा चढ़ने के बाद भक्तों में बढ़ी मातारानी के दर्शनों की चाह, शहर में बिखरे आस्था के रंग, बेमौसम हो रही बारिश ने दुर्गा उत्सव को किया फीका

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।

भारतीय संस्कृति मं बैसे तो सभी हिन्दू धर्म उत्साह व उमंग से मनाने की परम्परा रही है। किन्तु शारदेय नवरात्र पर्व ऐसा है जिसे हिन्दू धर्मावलंबी आचार विचारों को संचयित कर माँ दुर्गा की साधना और उपासना में लीन होकर मनाते है। कुछ इसी प्रकार से इन दिनों चल रहे शारदेय नवरात्र पर्व के चलते देखने मिल रहा है, जिसके चलते सुबह से देर रात्रि तक श्रद्वालुओं की माँ दुर्गा के प्रति असीम भक्ति के नजारे दिखाई दे रहे है। वही दूसरी ओर नवरात्र की पंचमी के मौके पर देवी दरबारों में जगत जननी माँ दुर्गा को चंदेवा चढ़ने के बाद भक्तों में मातारानी के दर्शन के पूजन की चाह बढ़ती जा रही है। वही देखा जा रहा है कि लोग अपने घरों में देवी स्वरूप कन्याओं का पूजन करते हुये उन्हें भोजन करा उनका आशीष प्राप्त कर रहे है और शाकाहार, निराहार व्रत रख मातारानी की आराधना कर रहे है। बीते दिवस अनेक घरों में लोगों द्वारा देवी स्वरूपा कन्याओं की पूजन करते हुए आर्शीवाद ग्रहण किया गया। वही सुबह देवी मंदिरों में मातारानी को जल ढ़ारने पहुंचने वाली माताएं, बहिनें रात्रि में देवी मंदिरों में पहुंचकर आटे के दीपक सजा भक्तों को मातृ शक्ति की जय बोलने प्रेरित कर रहे है। गौरतलब है कि चल रहे शारदेय नवरात्र पर्व के दौरान शहर के देवी मंदिरों के आलवा जगह जगह सजे हुए मातारानी के प्यारे दरबार जन आकर्षण का केन्द्र बने हुए है, जिनमें प्रतिदिन भजन, कीर्तन, सहित अन्य प्रकार के आयोजनों का सिलसिला चलने के साथ महिलाओं व देवी के पंडाओं को भाव आने लगे है। वही रात्रि में जगह जगह मातारानी की विशेष पूजन, आरती हो रही है और अनेक प्रकार के धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कर लोग मातारानी को प्रसन्न करने से नही चूक रहे है। नगर के पलोटन गंज देवी मंदिर पर प्रतिदिन शाम के







वक्त महिलाओं द्वारा मातारानी के समक्ष दीप जलाने के लिये भीड़ लगते हुये देखी जा रही है। वही बताया जाता है कि नगर में जहां तहां बिराजी माँ अम्बे की मनोहर प्रतिमाओं का दर्शन करने श्रद्वालुओं का महा सैलाब सड़को पर उमड़ने की जिस प्रकार से शुरूआत हुई है। मगर बीते हुये दो दिनों से हो रही बेमौसम बारिश के चलते भक्त माता रानी के दर्शनों से बंचित होते हुये देखे जा रहे है। क्योंकि नवरात्र के दौरान हर साल बारिश पर ब्रेक लग जाता था। क्योंकि क्वायर का माह बारिश का नही होता है। इसलिये इस समय हो रही बेमौसम बारिश ने नवरात्र के उत्साह पर ग्रहण लगाने में कोई कसर नही छोड़ी गई है। क्योंकि बीते हुये शुक्रवार की रात देवी पंडालों में पूजन के बाद सड़को पर देवी दर्शन करने वालों की भीड़ उमड़ना शुरू ही हुआ था और अचानक तेज बारिश के चलते दर्शन करने वाले लोगों बारिश के बचने के लिये दुकानों की छप्परों के नीचे भीगने से बचते हुये देखा गया। इसमें सबसे अधिक परेशानी का सामना महिलाओं को करते हुये देखा जाता है। यदि बारिश का दौर आज और कल इसी तरह जारी रहा तो निश्चित तौर से लोग देवी दर्शनों से इस साल बंचित होकर मायूस होने से नही चूक पायेगे..? क्योंकि हर साल देखा जाता है कि नवरात्र के दौरान देवी दर्शन करने के लिये पंचमी से भीड़ने की शुरूआत होती है जो छटे व सप्तमी तक इस तरह का हाल बन जाता था कि सड़को पर लोगों की भीड़ समाती नही थी। चल रही बेमौसम बारिश के चलते ग्रामीण क्षेत्रों से लोग देवी दर्शनों को नही आ पा रहे है। इस तरह चल रहे नवरात्र के चलते शहर में शारदेय नवरात्र पर्व के दिनों में जहां बाजार में पूजा सामग्री, किराने का सामान व फलों की जोरदार बिक्री हो रही है। वही आज रात को नवरात्रि पर्व की छटवी पर भक्तों ने माँ दुर्गा के विशेष रूप से पूजा, अर्चना कर उनसे शहर व क्षेत्र की खुशहाली का बरदान मागा जावेगा।

# स्वस्थ्य नारी स्वस्थ्य परिवार अभियान के तहत सालीचौका में आयोजित किया स्वस्थ्य शिविर

**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।** स्वस्थ्य नारी स्वस्थ्य परिवार अभियान अंतर्गत चल रहे सेवा पखवाड़े के दौरान बीते हुये दिवस स्थानीय गोकुल पैलेस में विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य मेले का आयोजन क्षेत्र की पूर्व विधायिक श्रीमती साधना स्थापक, नरेश पाठक, भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मिनेंद्र डागा, जिला पंचायत सदस्य डॉक्टर योगेश कौरव, नगर परिषद सालीचौका के कार्यकारी अध्यक्ष जितेंद्र राय, मंडल अध्यक्ष सुरेश मामूलिया, राम नारायण बडकुर सहित मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मनीष मिश्रा में संपन्न हुआ। इस शिविर में क्षेत्र के 813 व्यक्तियों ने चिकित्सा लाभ मिला। स्वास्थ्य मेले का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। शिविर के दौरान अपने उद्बोधन में श्रीमती स्थापक ने क्षेत्र की महिलाओं को शिविर का अधिक से अधिक लाभ लेने व शिविर को सफल बनाने पर जोर दिया।

इसी प्रकार से मिनेंद्र डागा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोच दूरदर्शी है। उन्होंने बताया यदि नारी स्वस्थ व सशक्त होगी तो राष्ट्र सशक्त होगा। भाजपा युवा नेता व जिला पंचायत सदस्य डॉ योगेश कौरव शिविर की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए शिविर में अधिक से अधिक लाभ देने पर जोर दिया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनीष मिश्रा ने उपस्थित डॉक्टर, स्वास्थ्य स्टाफ व आशा कार्यकर्ताओं से शिविर में सजग होकर कार्य करने की हिदायत देते हुये किक शासन की मंशा अनुरूप किए गए कार्यों को आज ही पोर्टल पर एंट्री सुनिश्चित करें। शिविर में जबलपुर के प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर पुष्पराज पटेल, नेत्र विशेषज्ञ डॉक्टर सलभ आम्रवंशी, महिला विशेषज्ञ डॉक्टर अनामिका जैन, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अभिनव जैन, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर जी पी भंनारिया, ब्लाक मेडीकल अधिकारी डा अनिल पटैल, डॉ डीपी पंथी के आलवा गाडरवारा व विकास खंड के सभी डॉक्टर पैरामेडिकल स्टाफ आशा कार्यकर्ता व भाजपा मंडल के



पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे। शिविर में 813 व्यक्तियों ने स्वास्थ्य लाभ व परामर्श लिया। इस अवसर पर पांच यूनिट रक्त रक्तदाताओ द्वारा रक्तदान किया। वही शिविर में हृदय रोग के 61, नाक कान गला के 11, हड्डी रोग के 28, नेत्र रोग के 57, दंत रोग के 62, गर्भवती माताएं 53, टीवी स्क्रीनिंग 111, सिकल सेल प्रशिक्षण 42 मरीज के अलावा मरीज के बीपी, शुगर सामान्य जांच, एक्स-रे, पैथोलॉजी जांच, परिवार कल्याण परामर्श, उमंग परामर्श, टीकाकरण, आयुष्मान कार्डों का वितरण, एनीमिया की जांच, कैंसर जांच व सभी प्रकार की स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गई। शिविर के सफल संचालन में मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ अनिल पटेल, डॉ कमलेश बाथरे, डॉक्टर फूल सिंह साहू, डॉ हरिओम कौरव, नेत्र चिकित्सा सहायक वीरेंद्र खत्री, बीपीएम कैलाश चौधरी, बीसीएम श्रीमती रितेश तिवारी टेक सिंह मुड़िया, राजेश कौरव, कमलेश कौरव, सतीश कुरचनिया, गोविंद राजपूत, झलकण मेहरा, साकेत भट्ट, राहुल लोधी पवन मेहरा, आनंद तिवारी सहित सभी स्वास्थ्य कर्मियों की मौजूदगी रही।

# कौड़िया रोड पर बाइक सवार महिला के कान से स्नैचिंग करने वाले आरोपी आये पकड़ में



हरिभूमि न्यूज/कौड़िया।

नवरात्र की शुरूआत के दौरान समीपस्थ गाडरवारा से कौड़िया की ओर अपने परिवारजनों के साथ मोटर साईकिल पर सबार होकर आ रही एक महिला के कान से बाइक चालकों द्वारा सोने का जेबर छीनकर भागने में सफल हो गये थें। वही महिला का कान फट जाने के कारण वह घायल होने से नही बच पाई थी। इस घटना ने संपूर्ण क्षेत्र में सनसनी का महौल निर्मित करने में कोई कसर नही छोड़ी गई थी। इस तरह घटित हुये स्नैचिंग की घटना को जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा गंभीरता से लेते हुये आरोपियों को खोजने के लिये दिये गये सख्त निर्देशों के चलते पुलिस द्वारा इस मामले में मनीष पिता जगदीश धानक एवं जितेन्द्र पिता मनीष कहार दोनों निवासी ग्राम बोदरी को पकड़ते हुये इनके पास से महिला के कान से छीना गया सोने का छाला एवं अन्य दूसरे स्थान डमरू घाटी के समीप गोटेगांव निवासी के युवक के पास से मोबाईल छीनकर भागने की घटना के दौरान युवक से छीना गया मोबाईल फोन जप्त किया गया है। वही आरोपियों ने घटना को अंजाम देने के लिये जिस मोटर साईकिल का उपयोग किया गया था उसको भी जप्त करते हुये आरोपियों को गिरप्तार करते हुये न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

# सुखाखैरी के छात्र ने का राज्य स्तरीय कुब्बडी प्रतियोगिता के लिये प्राप्त किया स्थान

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कमी होती है। इन प्रतिभाओं को जब उभरने का अवसर प्राप्त होता है तो वह अपनी सच्चाई सामने लाने में कोई कसर नही छोड़ते है। यह बात समीपस्थ सूखाखैरी के एक छात्र द्वारा राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिये अपना स्थान प्राप्त करते हुये साबित कर दिया गया है। बताया जाता है कि क्षेत्र के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुखाखैरी के कक्षा 11वीं में अध्यनरत छात्र सोनू चौधरी ने संभाग स्तरीय शालेय कब्बडी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है एवं उनका चयन राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता हेतु हुआ है। बताया जाता है कि यह प्रतियोगिता शुजालपुर में 4 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक आयोजित होगी। छात्र की इस उपलब्धि पर विकास खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती नीलम मरावी, संस्था के प्राचार्य महेंद्र पटेल, विकासखंड खेल प्रभारी डॉ संदीप कुमार मेहरा, विकास खंड खेल सह प्रभारी नितेंद्र प्रताप सिंह राजगोंड, कोच सुमित कौरव और संस्था के समस्त स्टाफ ने छात्र की उपलब्धि पर प्रसन्नता जताई है।

# कांग्रेस द्वारा प्रदेश के मंत्री विजयवर्गीय का विरोध करते हुये किया पुतला दहन

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** प्रदेश के किसी मंत्री का विपक्ष द्वारा खुलेआम पुतला दहन करने के साथ उसे लहराते हुये देखा जावे और वहां का प्रशासन तंत्र मूक बना रहे इससे बड़ी बात क्या हो सकती है..? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस नगर के छिपा तिरहा पर उस समय देखने मिली जब प्रदेश के कैबिनेट मंत्री विजयवर्गीय द्वारा दिये गये किसी अपने वक्यत्व पर कांग्रेस द्वारा पुतला दहन करते हुये विरोध प्रदेर्शन के दौरान देखने मिला। बताया जाता है कि भाजपा के नेता एवं प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व राहुल गांधी एवं श्रीमती प्रियंका गांधी के विरुद्ध की गई अशोभनीय और आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देषन तथा कांग्रेस कमेटी जिला अध्यक्ष सुनीता पटैल के मार्ग दर्शन में कांग्रेस द्वारा नगर के छिपा तिरहा पर विरोध प्रदर्शन करते हुये विजयवर्गीय का पुतला दहन किया गया। नगर में पहली बार देखने मिला जब इस तरह केन्द्र से लेकर प्रदेश की सत्ताधारी पार्टी के कैविनेट मंत्री का इस तरह पुतला दहन करने के दौरान विरोधी पार्टी के कार्यकर्ता खुलेआम पुतले में आग लगाते हुये उसे जहां वहां उछालते हुये देखे गये और प्रशासन तंत्र के लोग इसे सिर्फ रोकने में नाकाम रहने के साथ इस तरह प्रतीत होते हुये जान पड़े की मानों वह भी विरोध करने वाली पार्टी का मूंग रूप से समर्थन कर रहे हो..? यह बात अलग है कि जब पुतला जलने के बाद टुकड़ो में तब्दील हो गया तो कुछ पुलिस कर्मियों द्वारा यहां वहां पर बिखरे हुये टुकडों को एकत्र करते हुये आग बुझाने की औपचारिकता को पूर्ण करते हुये दिखाई पड़े..? इस तरह आयोजित पुतला दहन के दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता रविशेखर जायसवाल, प्रदेश सचिव





अभिनय ढिमोले, राजीव दुबे,सतीश सैनी, अवधेश रूसिया, रूपेश राय, मुकेश बन्टू गुप्ता, मुकेश सोनी, सुनील दुबे,अभिषेक पटेल, राजदीप दुबे, यश राय,निकेत पटेल, सौरभ जैन,आयुष जैन, संजय कौरव, कौशिक काबरा,दीपेश चौधरी, ध्रुव रड़बे, विनायक दुबेदी, सिद्धांत कौरव, भूपेंद्र कौरव, शीतल राय,अली खान, आदित्य श्रीवाश,सुमित सेन, कपिल ठाकुर सहित अन्य लोग मौजूद थें।

# बकरी चराने गये युवक की आकाशीय बिजली गिरने से हुई मौत

**हरिभूमि न्यूज/बारहाबड़ा।** इस समय बारिश का वैसे तो मौसम समाप्त होने के बाद भी जिस तरह बारिश का दौर चल रहा है इससे किसानों के खेतों में खड़ी हुई फसल खराब होते हुये देखी जाने लगी है। वही दूसरी ओर आसमान में काले बादल छाने के बाद तेज कड़क बिजली मानव जीवन के लिये संकट पैदा करने से नही चूक रही है। इस बात की सच्चाई बीते हुये शनिवार को उस समय देखने मिली जब ग्राम बारहाबडा निवासी राजकुमार पिता कैलाश प्रधान उम्र लगभग 20 वर्ष अपनी बकरी चराने के लिये सुजानपुर खेतो में ले गया था। इसी दौरान अचानक आसमान पर काले बादलों के बीच चमकी हुई आसमानी बिजली की चपेट में आने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना को लेकर पुलिस ने युवक के शव का पंचनामा बनाते हुये मर्ग कायम कर जांच में लिया गया है।

# शक्ति चौक पर देवी जागरण कार्यक्रम आज

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** नवरात्रि के पावन पर्व पर श्री नवदुर्गा युवा शक्ति समिति द्वारा शक्ति चौक, श्याम टॉकीज मार्ग पर आज 28 सितंबर रविवार रात 9 बजे से विशाल देवी गीत जागरण का



आयोजन किया जा रहा है। इस देवी जागरण में सुप्रसिद्ध गायिका सुश्री पूजा नागले और सुश्री सलोनी जैन, संचालक देवी गीत गायक प्रफुल्ल दीक्षित के द्वारा अपनी अद्भुत प्रस्तुति देकर देवी जागरण के दौरान देवी गीतों की प्रस्तुति दी जावी।

# खबर संक्षेप

## एसडीएम बजाग रामबाबू देवांगन ने किया निर्माण कार्यों का निरीक्षण, गुणवत्ता सुधार हेतु दिए निर्देश



**डिंडौरी।** कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या के निर्देशन एवं एसडीएम बजाग रामबाबू देवांगन के द्वारा जिले के विभिन्न निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान शासकीय महाविद्यालय करंजिया, पीएम जनमन आवास, आंगनवाड़ी भवन खारीडीह, कान्दाटोला, पण्डरीपानी, तरच और पिपरिया में चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया गया निरीक्षण के दौरान एसडीएम बजाग ने निर्माण एजेंसियों एवं संबंधित ग्राम पंचायतों को स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माणाधीन भवनों को निर्धारित समय-सीमा में पूरा किया जाए। साथ ही निर्माण गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देते हुए आवश्यक सुधार कार्य किए जाएं।इस अवसर पर एसडीएम बजाग रामबाबू देवांगन ने संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्यों की प्रगति जानी और उन्हें पारदर्शिता एवं गुणवत्तायुक्त कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग रिषभ कोकडिया, प्रबंधक मानव गजभिये सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

## दिव्यांग व्यक्तियों का 6 दिवसीय उद्यमिता विकास प्रशिक्षण सम्पन्न



डिंडौरी। सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत सेंट आरसेटी डिंडौरी द्वारा दिव्यांग व्यक्तियों हेतु आयोजित निःशुल्क छह दिवसीय आवासीय उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। समापन अवसर पर जिला परियोजना प्रबंधक (आजीविका) श्रीमती अर्पणा सोनकिया पांडेय, जिला प्रबंधक (कौशल) श्री भगत सिंह आर्मो, नेहरू युवा केंद्र से श्री आर.पी. कुशवाहा, आरसेटी निदेशक श्री एस.एस. समद, फैकल्टी सदस्य दीपिका सिंगौर एवं श्री ओम मिश्रा तथा कार्यालय सहायक श्री हंसराज विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि दिव्यांगजन समाज की मुख्यधारा से जुड़कर आत्मनिर्भर बनें, इसके लिए ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को व्यवसाय संचालन, वित्तीय नियोजन, विपणन के साथ-साथ विभिन्न सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के अंत में सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए तथा उन्हें स्वरोजगार स्थापित करने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

## 2 अक्टूबर को ग्राम सभाओं का आयोजन

उमरिया। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में 2 अक्टूबर को ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा। ग्राम सभा में वन विभाग, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग , सामाजिक न्याय विभाग, स्वच्छ भारत , मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, सहित अन्य विषयों में चर्चा की जाएगी। कलेक्टर ने प्रत्येक ग्राम सभा की समाप्ति तक ग्राम सभाओं का आयोजन के लिए अधिकारियों की ड्यूटी नोडल अधिकारी के रूप में लगाई है। नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि युवाओं के लिए शपथ का वाचन ग्राम सभा मे किया जाए ।

## राष्ट्रीय वयोश्री योजना के तहत शिविर संपन्न

उमरिया। सेवा पखवाड़े के तहत जिला मुख्यालय के रानी दुर्गावती सामुदायिक भवन में राष्ट्रीय वयोश्री योजना के तहत एलिम्को द्वारा वरिष्ठ जनो को निशुल्क उपकरण प्रदाय हेतु परिक्षण शिविर संपन्न हुआ । शिविर के माध्यम से 55 वरिष्ठ जनो तथा 45 दिव्यांगजनों का परिक्षण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कहा कि सेवा पखवाड़े के तहत जिले 17 सितंबर से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज एलिम्को के सहयोग से वरिष्ठ जनो को उपकरण वितरित किये जाने हेतु परिक्षण किया जा रहा है। परिक्षण उपरांत जिन्हें जिस उपकरण की जरूरत होगी, उन्हें निशुल्क प्रदाय किया जाएगा, ताकि उन्हें किसी भी प्रकार की कठिनाइयों का सामना नही करना पड़े ।

# एकलव्य आवासीय विद्यालय की अधीक्षिका पर माता दुर्गा की प्रतिमा तोड़ने और छात्रा से दुर्व्यवहार का आरोप





शहपुरा

शहपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम पिपराड़ी स्थित आदिवासी एकलव्य आवासीय विद्यालय में एक अत्यंत गंभीर मामला सामने आया है। यहां विद्यालय की अधीक्षिका संगीता दुल्ल पर कक्षा 9वीं की एक छात्रा के साथ दुर्व्यवहार करने, उसकी धार्मिक आस्था को ठेस पहुँचाने और माता दुर्गा की प्रतिमा तोड़ने का गंभीर आरोप लगा है।छात्रा के अभिभावक सुरेश सिंह उरेती ने राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर शाहपुरा थाने में अधीक्षिका के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई है।

### धार्मिक पूजा-पाठ रोकने और प्रतिमा तोड़ने का आरोप

शिकायत के अनुसार, यह घटना 23 सितंबर की रात को हुई। आवेदक सुरेश सिंह उरेती ने आरोप लगाया है कि अधीक्षिका संगीता दुल्ल ने उनकी पुत्री पूनम उरेती को धार्मिक पूजा-पाठ करने से रोका। इतना ही नहीं, अधीक्षिका पर छात्रावास के अंदर रखी दुर्गा माता की प्रतिमा को तोड़ने, छात्रा को गालियाँ व धमकियाँ देने तथा अभद्र भाषा का प्रयोग कर प्रताड़ित करने का भी आरोप है।

### गंदा पानी डालने और अपमानित करने का भी इल्ज़ाम

छात्रा पूनम उरेती ने अपने पिता को फोन पर इस घटना की जानकारी दी। अभिभावक का कहना है कि उनकी बेटी ने बताया कि अधीक्षिका ने उन्हें गंदा पानी डालकर अपमानित किया और धमकाया भी। आरोपों के मुताबिक, यह दुर्व्यवहार केवल प्रताड़ना तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इसमें धार्मिक भावनाओं को आहत करने का कृत्य भी शामिल है।अपनी पुत्री से घटना की पुष्टि करने के बाद, सुरेश सिंह उरेती राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के साथ थाने पहुंचे और अधीक्षिका संगीता दुल्ल के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग करते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने इस संबंध में शिकायत दर्ज कर ली है और मामले की गंभीरता को देखते हुए अब आगे की जाँच शुरू करने की बात कही जा रही है।पीड़ित छात्रा और उसके परिवार ने न्याय की उम्मीद जताते हुए, अधीक्षिका के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# जिला स्तरीय दिव्यांगजन परीक्षण शिविर आयोजित



**डिंडौरी ।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा शासन के निर्देशानुसार सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम अंतर्गत जिला स्तरीय दिव्यांगजन परीक्षण शिविर का आयोजन जिला चिकित्सालय डिंडौरी में किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि एवं गणमान्यजन की उपस्थिति में मेडिकल बोर्ड का गठन कर नवीन दिव्यांगजनों को दिव्यांग प्रमाण-पत्र, पेंशन योजना, नकपक कार्ड, सहायक उपकरण वितरण सहित विभिन्न योजनाओं में पंजीयन कर लाभान्वित किया गया। शिविर में 100 प्रतिशत दृष्टिबाधित दिव्यांग उपदेश कुमार एवं अभिषेक कुमारको डिजिटल सुगम्य केन, दीपिका एवं प्रशांतको कान की मशीन तथा कमलेश्वरी बाई को ट्राईसाइकिल जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रदान की गई।

जनप्रतिनिधियों ने बताया कि शासन द्वारा सेवा पखवाड़ा अभियान अंतर्गत सभी पात्र हितग्राहियों को उनकी आवश्यकता एवं पात्रता के अनुरूप योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जा रहा है। जिले में सतत रूप से चल रहे दिव्यांग शिविर के माध्यम से अब तक 243 दिव्यांगजन पंजीकृत कर विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किए जा चुके हैं शिविर में प्रमुख रूप से डिण्डौरी विधायक ओमकार मरकाम, भाजपा जिला अध्यक्ष चमरू सिंह नेताम, नरेंद्र राजपूत, लक्ष्मण सिंह ठाकुर, राजेंद्र पाठक, मनोहर सिंह ठाकुर, महेश पाराशर, महेश धूमकेती, श्रीमती अंजू व्यवहार उपाध्यक्ष, पवन शर्मा, आशीष वैश्य, भागीरथ उरैती, श्याम सिंगौर उपसंचालक, सामाजिक न्याय विभाग, मेडिकल बोर्ड से डॉ. अजय राज, डॉ. धनराज सिंह, डॉ. मिनी मोरवे, नेहरू युवा केंद्र से आर.पी. कुशवाहा, राहुल शर्मा, मयूर बांगर, सुश्री रुचि विनोदिया, श्री ब्रजमोहन भारतीय, श्री कमलेश्वर सिंह धुर्वे, सरमन सिंह, कौशल किशोर प्रकाश सोंधिया, संतोष नामदेव, श्रीमती पूर्णिमा तिवारी, राजेंद्र बिलागर, शिवपाल यादव, सुरजीत पट्टा सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पीएम एक्सीलेंस कॉलेज डिंडौरी में कम्प्यूटर एवं टैली कोर्स पर रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण सम्पन्न



डिंडौरी ।

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय चंद्रविजय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय डिंडौरी में पी.एम. उषा सॉफ्ट कंपोनेंट-03 कौशल विधा अंतर्गत 30 दिवसीय कम्प्यूटर एवं टैली कोर्स पर रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय एवं सेडमैप संस्था के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को कम्प्यूटर एवं टैली विषयक व्यापक जानकारी दी गई। इसमें कम्प्यूटर का परिचय, इनपुट-आउटपुट डिवाइस, एम.एस. वर्ड, समूह चर्चा, साक्षात्कार की तैयारी, रिज्यूम बनाना, टैली पर आधारित कम्पनी बनाना, लेजर, स्टॉक, गोडाउन, डिस्काउंट, मेडिसिन स्टॉक आइटम, सीजीएसटी, एसजीएसटी तथा टैली से संबंधित सम्पूर्ण प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन सेडमैप के जिला समन्वयक एस.के. शर्मा के समन्वय में किया गया। समापन अवसर पर सभी विद्यार्थियों को प्रशिक्षण के प्रमाण-पत्र वितरित किए गए।इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील कुमार दुबे ने उच्च शिक्षा विभाग एवं सेडमैप के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शासन की यह महत्वपूर्ण योजना विद्यार्थियों के भविष्य के लक्ष्यों को पूर्ण करने हेतु मील का पत्थर सिद्ध होगी।

## सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत एकीकृत हाई स्कूल सैलवार में खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन



**डिंडौरी ।** सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत एकीकृत हाई स्कूल सैलवार में 25 से 27 सितम्बर 2025 तक विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन हाई स्कूल के प्रभारी प्राचार्य श्री एस.के. बनावल के निर्देशन में संपन्न हुआ। इस दौरान विद्यालय में कबड्डी, खो-खो, एथलेटिक्स सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें बालक एवं बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

खेल आयोजन को सफल बनाने में खेल प्रशिक्षक श्री घनश्याम नागवंशी एवं श्री राहुल मार्को का महत्वपूर्ण योगदान रहा। साथ ही सुश्री रेशमी धुर्वे, रीमा मार्को, श्याम मरको, अर्जुन पंद्रम, गेमन धुर्वे सहित विद्यालय स्टाफ ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया।खेल एवं युवा कल्याण विभाग से विकासखंड समन्वयक करंजिया श्रीमती लक्ष्मी बनावल भी उपस्थित रहीं।कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त स्टाफ ने विशेष सहयोग प्रदान कर सेवा पखवाड़ा के उद्देश्यों को सफल बनाने में योगदान दिया।

# स्वच्छता पखवाड़ा के तहत कार्यक्रम सम्पन्न विधायक शहपुरा ओमप्रकाश धुर्वे रहे मौजूद

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।



अमरपुर विगत दिवस अमरपुर में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें सर्व प्रथम 1200 स्कूली एवम महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने मैराथन दौड़ लगा कर इतिहास रचा अमरपुर मुख्यालय में पहली बार इतनी बड़ी संख्या में मैराथन का आयोजन किया गया मैराथन को विधायक शहपुरा ओमप्रकाश धुर्वे एवं भाजपा जिलाध्यक्ष चमरू सिंह नेताम ने हरि झंडी दिखाकर संदीपनी विद्यालय अमरपुर से किया जो डेढ़ किलो मीटर अमरपुर बस स्टैंड में समाप्त हुई जहां एक विशाल को सभा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे और जिलाध्यक्ष ने संबोधित किया तत्पश्चात लोक सेवा के सामने स्वच्छता कार्यक्रम करके स्वच्छता का संदेश दिया उसके बाद विधायक ओमप्रकाश धुर्वे मुख्य कार्यक्रम में संदीपनी विद्यालय पहुंचे जहां शिक्षक शिक्षिकाओं और बच्चों ने फूल बरसा कर अतिथियों का स्वागत किया फिर बच्चों के द्वारा आत्म निर्भर भारत स्वच्छ भारत विकसित भारत मेक इन इंडिया पर आधारित प्रदर्शनी लगाई थी जिनका अवलोकन विधायक ओमप्रकाश धुर्वे एवं अतिथियों ने किया बच्चों ने विज्ञान पर आधारित भी एक से बढ़कर एक मॉडल तैयार किए थे जिसे देख विधायक सहित सभी अतिथियों ने बच्चों की भूरी भूरी प्रशंसा की बच्चों ने उपरोक्त थीम पर रंगोली एवं मेंहदी प्रतियोगिता भी आयोजित की थी जिसे देख भी सभी का मन मंत्र मुग्ध हो गया तत्पश्चात मंचीय कार्यक्रम शुरू हुआ जहां महाविद्यालय एवं स्कूली छात्र छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी बच्चों ने विकसित भारत आत्म निर्भर भारत स्वच्छ भारत मेक इन इंडिया इन सभी महत्वपूर्ण विषयों पर भाषण दिया जिसमें प्रथम ईनाम पंद्रह सौ द्वितीय पुरुकार एक हजार एवं तृतीय पुरस्कार पांच सौ रुपए एवं मेडल शील्ड और प्रमाण पत्र तत्काल विधायक ओमप्रकाश धुर्वे के हाथों विजेता बच्चों को प्रदान किया गया सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने इतनी मनमोहक प्रस्तुति दी कि विधायक खुद को नहीं रोक पाए और सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्वयं नृत्य किया जिससे बच्चों का उत्साह वर्धन हुआ। मैराथन दौड़ में भी विधायक एवं अन्य अतिथियों के द्वारा विजेता बच्चों को इनाम की राशि प्रदान की गई मैराथन को पांच हिस्सों में बांटा गया था जिसमें बालक बालिका अलग अलग क्रम था प्रथम (बालिका वर्ग) आने वाले तीन विजेताओं को तीन तीन हजार नगद व मैडल शील्ड द्वितीय स्थान में आने वाली छात्राओं को दो दो हजार नगद व मैडल शील्ड

### इसी प्रकार तृतीय स्थान पाने वाले तीन बालिकाओं को पंद्रह पंद्रह सौ नगद मेडल शील्ड

चतुर्थ श्रेणी में आने वाली बालिकाओं को एक एक हजार नगद मेडल शील्ड इव पांचवें स्थान पर आने वाले तीन बालिकाओं को भी पांच पांच सौ रुपए की नगद राशि एवं मेडल शील्ड और प्रमाणपत्र प्रदान किए विधायक ओमप्रकाश धुर्वे जी ने संबोधित करते हुए कहा कि आज भारत के ऊपर पूरे विश्व की नज़र है हम बहुत जल्द विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहे हैं आज भारत विकसित भारत की ओर अग्रसर है अब सन 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र की श्रेणी में होगा जिसके लिए आप सबका साथ और सहयोग आवश्यक है कार्यक्रम के अंत में नशा मुक्ति का संदेश देने कब्बड्डी खेल का भी आयोजन किया गया जिसमें सीनियर बालिका आदिवासी छात्रावास की टीम विजेता बनी वही कब्बड्डी प्रतियोगिता में भी तीन वर्ग थे जिसमें तीनों विजेता टीम को पांच पांच हजार नगद राशि देने की घोषणा विधायक जी के द्वारा की गई इसी प्रकार कब्बड्डी प्रतियोगिता के उप विजेताओं को तीन तीन हजार की राशि देने की घोषणा भी विधायक जी के द्वारा की गई है कार्यक्रम के अंत में मंडल अध्यक्ष भाजपा अमरपुर आकाश नामदेव ने उक्त ऐतिहासिक कार्यक्रम सम्पन्न कराने के लिए सभी प्रिंसिपल शिक्षक शिक्षिकाओं संस्था प्रमुखों एवं विकास खंड शिक्षा अधिकारी चीचाम जी का आभार व्यक्त किया

उपरोक्त कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष चमरू सिंह नेताम जिला महामंत्री बद्री साहू जिला मंत्री मालती तिवारी अनिल मिश्रा तीरथ मूलचंदानी मंडल महामंत्री रामकुमार वनवासी मंडल उपाध्यक्ष माखन साहू शोभाराम धुर्वे राय सिंह नेताम रमेश यादव राजेश कच्छवाहा संदीपनी विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिका मॉडल स्कूल के सभी शिक्षक शिक्षिका कन्या स्कूल के सभी शिक्षक शिक्षिका कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने की विभागीय योजनाओं की प्रगति और सीएम हेल्पलाइन की विभागवार की समीक्षा

डिंडौरी ।



**कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विभागीय कार्यों और योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा बैठक आयोजित की। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री जे.पी. यादव, डिप्टी कलेक्टर वैधनाथ वासनिक, एसडीएम बजाग रामबाबू देवांगन, एसडीओपी सतीश द्विवेदी सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक की शुरुआत सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की समीक्षा से हुई, जिसमें कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समय-सीमा का पालन करते हुए प्रकरणों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए ताकि आम नागरिकों को वास्तविक राहत मिल सके।**

कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग की गतिविधियों की बारीकी से समीक्षा करते हुए जिले में जांच-परीक्षण, दवाइयों की उपलब्धता, अस्पतालों में मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं और स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति पर जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि स्वास्थ्य व्यवस्था की मजबूती आमजन के लिए सबसे पहली प्राथमिकता है, इस पर किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान शैक्षणिक गतिविधियों, विद्यालयों में उपलब्ध सुविधाओं और अब तक नामांकन से वंचित बच्चों की स्थिति पर विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रत्येक पात्र बच्चा शत-प्रतिशत विद्यालय से जुड़ा हुआ दिखाई दे और उसकी सत्यापित जानकारी संबंधित विभाग समय पर प्रस्तुत करे।

इसके बाद बैठक में पीएम जनमन योजना के अंतर्गत प्राप्त प्रस्तावों की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने जनजातीय समुदाय विशेषकर बैगा और भारिया परिवारों के लिए संचालित हितग्राही मूलक योजनाओं की जानकारी ली और यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचे। उन्होंने पीएम जनमन आवास योजना की प्रगति पर भी चर्चा की और कार्यों को गति देने के निर्देश दिए। इसी क्रम में उन्होंने कर्मयोगी अभियान अंतर्गत आयोजित “सेवा पर्व” की गतिविधियों की जानकारी ली, जो 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आयोजित है। उन्होंने अधिकारियों को ग्राम स्तर पर व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित करने और अभियान को सफल बनाने हेतु सक्रिय प्रयास करने के निर्देश दिए।

कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्रीमती मारव्या ने खाद और बीज की उपलब्धता, उर्वरक भंडारण एवं वितरण की स्थिति, नरवाई प्रबंधन तथा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए चलाए जा रहे नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग की प्रगति का आकलन किया। बैठक में बताया गया कि भारत सरकार द्वारा प्रारंभ की गई यह दो वर्षीय योजना किसानों को क्लस्टर आधारित प्रशिक्षण, प्रदर्शन, जैव संसाधन केंद्र की स्थापना, प्राकृतिक खेती उत्पादों का प्रमाणीकरण, मार्केटिंग और ब्रांडिंग की दिशा में कार्य कर रही है। डिंडौरी जिले में इस योजना के अंतर्गत 50 क्लस्टर बनाए जाएंगे, जिनमें 6250 किसानों को जोड़ा जाएगा। इसके साथ ही 51 ग्राम पंचायतों के 110 गांवों को सम्मिलित कर 6250 हेक्टेयर भूमि को प्राकृतिक खेती के दायरे में शामिल किया जाना है। किसानों को कृषि विज्ञान केंद्र के मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा और उनके उत्पादों को बाजार तक पहुँचाने के लिए रणनीति बनाई जाएगी कलेक्टर श्रीमती मारव्या ने बैठक में उद्योग और एमएसएमई विभाग द्वारा औद्योगिक क्षेत्रों के लिए भूमि आवंटन एवं चिन्हांकन की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने राघवपुर बहुउद्देशीय परियोजना, विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत यंत्रों की उपलब्धता, सामुदायिक दावे, आईटीआई की गतिविधियां, पीएम विश्वकर्मा योजना, भू-अर्जन, जिले की सिंचाई परियोजनाओं और अभिलेखों के डिजिटलीकरण की स्थिति पर भी विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि डिजिटलीकरण कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर समयसीमा में पूर्ण किया जाए, ताकि भविष्य में अभिलेखों की पारदर्शिता और उपयोगिता सुनिश्चित हो सके।

बैठक के अंत में कलेक्टर ने स्पष्ट चेतावनी दी कि जिन विभागों की प्रगति संतोषजनक नहीं है, वहां त्वरित सुधार की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में ढिलाई बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देश दिए कि वे अपनी योजनाओं को समय पर और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करें, ताकि सरकार की जनहितकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक समय पर पहुंच सके।

# स्कूल भवन जर्जर आंगनबाड़ी भवन में शाला संचालित

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।






जनपद शिक्षा केंद्र अमरपुर क्षेत्रांतर्गत प्राथमिक शाला बीजा रैयत की पूर्व में भी शिक्षक न जाने की शिकायत होती रही हैं। वर्तमान समय में भवन इतना जर्जर हो गया हैं कि उस भवन में शाला संचालन ही नहीं किया जा सकता। पदस्थ शिक्षकों ने आपसी तालमेल कर आंगनबाड़ी भवन में दोनों संस्थान संचालित कर रहे हैं। परंतु अब समस्या यह हैं कि आंगनबाड़ी भवन में एक ही कक्ष हैं। जिसमें दो संस्थाओं के छात्रों को एक साथ बैठाकर अध्यापन कार्य करना भी असंभव हो जाता हैं। ऐसी स्थिति में उन छात्रों के भविष्य पर प्रश्न चिन्ह लग जाता हैं। वहीं पर दूसरी समस्या यह हैं कि आंगनबाड़ी भवन में शौचालय वगैरह की व्यवस्था भी नहीं हैं। जोकि प्राथमिक स्तर के छात्रों के लिए यह भी एक गम्भीर समस्या बना हुआ हैं। यह एक ग्रामीण अंचल की दूरस्त ग्राम में संचालन होने की वजह से विभाग के नियंत्रण अधिकारी कर्मचारी पहुंच ही नहीं पाते हैं। जनपद शिक्षा केंद्र क्षेत्र में अनेक शाला भवन ऐसी स्थिति में पहुंच चुके हैं। जहां पर नए भवन निर्माण की नितांत आवश्यक हैं। शैक्षणिक व्यवस्था पर भी स्थानीय और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की अनदेखी भी कहीं जा सकती हैं।

# शासकीय महाविद्यालय अमरपुर के विद्यार्थियों द्वारा नमो मैराथन एवं रक्तदान शिविर में भाग लिया

अमरपुर।



*शासकीय महाविद्यालय अमरपुर में महाविद्यालय प्राचार्य संदीप सिंह के निर्देशन और रासेयो प्रभारी डॉ. सीमा डावर के मार्गदर्शन में सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमरपुर में रेड रीबन के तहत रक्तदान शिविर में राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयं सेवक के रूप में शामिल हो कर दिव्यांशु बंधेवार एवं अन्य छात्रों द्वारा रक्तदान किया गया। इसके साथ ही सांदीपनि विद्यालय अमरपुर में आयोजित कार्यक्रम नमो मैराथन दौड़ में मोहित यादव बीए द्वितीय वर्ष, सांस्कृतिक कार्यक्रम छात्राओं की समूह, आत्म निर्भर भारत, विकसित भारत पर भाषण में प्रथम स्थान पूर्णिमा देवी विश्वकर्मा, कबड्डी में बालक वर्ग प्रतिभागी के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर महाविद्यालय का स्टाफ डॉ. सुनील काकोड़िया, डॉ. पुष्पेंद्र तिवारी, जयदीप दुबे, ओमकार वाटिया एवं छात्र-छात्राए उपस्थित रहे।*

## खबर संक्षेप

### स्वस्थ नारी सशक्त परिवार के तहत हुआ स्वास्थ्य परीक्षण



**तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत ब्लाक मेडीकल आफीसर डा राजकिशोर पटेल एवं आर बी एस के डा दीप्ति व्यास के निर्देशन में किशोरी बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर हीमोग्लोबिन की जांच कर निशुल्क दवाईयों का वितरण किया गया। इस मौके पर भागवती पटेल रचना पटेल लक्ष्मी पटेल वर्षा पटेल भी उपस्थित रहीं।

### अभियान अभिमन्यु के तहत प्रतियोगिताएं आयोजित



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, में प्राचार्य डॉ. आर.बी. सिंह के मार्गदर्शन में एन.सी.सी. की छात्र एवं छात्रा इकाई के संयुक्त तत्वाधान में मैं हूं अभिमन्यू अभियान के तहत वाद-विवाद प्रतियोगिता विषय पुरूष और महिला का समाज में महत्व पर की गयी है। जिसमें 05 एन.सी.सी. कैडेट महिलाओं के पक्ष में एवं 05 एन.सी.सी. कैडेटों ने पुरूषों के पक्ष में अपने विचार रखे। एन.सी.सी. कैडेटों द्वारा न्यू बस स्टेण्ड में एक नुक्कड नाटक का आयोजन किया गया जिसमें समाज में व्याप्त कुरीतियो एवं नाश मुक्त समाज बनाने की पहल पर लोगों को जागरूक किया गया। एन. सी. सी. अधिकारी लेफ्टिनेट डॉ. राजेश कुमार ठाकुर ने कहा कि सामाजिक कुरीतियो के प्रति जागरूकता फैलायी उन्होंने बताया समाज में व्याप्त कुरीतियाँ जैसे दहेज प्रथा, बाल विवाह, जातिवाद, नशाखोरी और लैंगिक भेदभाव हमारे और सामाजिक विकास में बाधा उत्पन्न करती हैं। इनसे न केवल व्यक्ति की स्वतंत्रता और सम्मान प्रभावित होता है, बल्कि पूरे समुदाय की प्रगति रुक जाती है।

### जिला स्तरीय विज्ञान नाटिका का हुआ आयोजन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिला शिक्षा अधिकारी, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एवं संस्था प्राचार्य जी. एस. पटैल के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय विज्ञान नाटिका 2025 का जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी का मानव जाति के लिए लाभ विषय पर शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर में सम्पन्न हुआ। विज्ञान नाटिका प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि एवं निर्णायक के रूप में जे. पी. शर्मा सेवानिवृत प्राचार्य, मुकेश कुमार दुबे, सेवानिवृत्त व्याख्याता ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान की। प्रतियोगिता में मंच संचालन विज्ञान नाटिका प्रभारी आर.एन.रावत, उ.मा.शि. के द्वारा किया।

## भारतीय संस्कृति का किया घोर अपमान

# मंत्री विजयवर्गीय के बयान आपत्तिजनक : कांग्रेस जिलाध्यक्ष

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** शनिवार को कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुनीता पटेल द्वारा कांग्रेस कार्यालय पर पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय बेहद घटिया और निम्न स्तरीय सोच के कारण पूर्व से ही विवाद और आपत्तिजनक बयानों के कारण जाने जाते हैं और इस बार श्री विजयवर्गीय ने नवरात्रि पर्व पर भाई बहन के रिश्तों को लेकर जो बयान दिया है निश्चित ही यह भाजपा की संस्कृति को प्रमाणित करता है। श्रीमती पटेल ने कहते हुए कहा कि प्रदेश सरकार के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और उनकी बहन प्रियंका गांधी को लेकर जो आपत्तिजनक बयान दिए हैं उससे हर महिला और सनातन भारतीय संस्कृति का घोर अपमान हुआ है।




### गो मांस पर जीएसटी हटाना चिंताजनक

पत्रकारों को संबोधित करते हुए श्रीमती पटेल ने आरोप लगाया कि पहले भी वे ऐसे ही विवादित बयान छात्र-छात्राओं युवतियों और महिलाओं को लेकर देते रहे हैं साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर भाजपा के अनेक नेता भी गांधी परिवार पर आपत्तिजनक टिप्पणी करते रहते हैं जो भाजपा की संस्कृति को दर्शाता है। श्रीमती पटेल ने कहा कि आश्चर्य का विषय है कि प्रदेश सरकार ने गोमांस पर जीएसटी 0 प्रतिशत की है जो चिंताजनक है। जबकि कमलनाथ जी की मात्र 15 माह की सरकार ने गायों के संरक्षण के लिए गौशालाओं का निर्माण कराया था। किंतु अफसोस का विषय है कि प्रदेश सरकार इनका रख रखाव भी नहीं कर पा रही। इतना जरूर है कि भाजपा के नेता राष्ट्रवाद नैतिकता और सनातन संस्कृति की झूठी बातें करने से नहीं थकते। किंतु इनकी करनी और कथनी में जमीन आसमान का अंतर है।

### बढ़ती महंगाई पर जताया रोष

जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने बढ़ती महंगाई पर भी रोष व्यक्त किया और कहा कि महंगाई और बेरोजगारी विकराल समस्या बन गई है। नरसिंहपुर जिले से लेकर पूरे प्रदेश में महिला अत्याचार की घटनाएं बढ़ रही है कमजोर वर्ग को परेशान किया जा रहा है और भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। सरकार द्वारा गरीब व कमजोर वर्ग का शोषण किया जा रहा है। सरकार गरीबों के कल्याण की बात मंचो से घोषण करती है लेकिन धरातल पर उनकी योजनाओं का कोई प्रतिकूल प्रभाव नजर नही आ रहा है। ऐसे कई आरोप सरकार पर लागए। उक्त मौके पर वरिष्ठ नेता लाखन सिंह पटेल, सुरेंद्र पटेल, रुद्रेश तिवारी, अजय दुबे, धनीराम पटेल, विनोद यादव के अलावा कांग्रेस के कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद थे।

### कांग्रेस ने किया पुतला दहन





नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और उनकी बहन प्रियंका गांधी पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले प्रदेश सरकार के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के खिलाफ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों ने नारेबाजी करते हुए विजयवर्गीय का पुतला दहन किया। साथ ही गो मांस पर जीएसटी मुक्त करने पर रोष व्यक्त किया गया। सुभाष पार्क चौराहे पर प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने विजयवर्गीय के बयान को बेहद घटिया और ओछी मानसिकता का बताया। वही पुतला दहन को लेकर पुलिस द्वारा कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर पानी की बौछार की गई। पुतले को लेकर झूमछटकी हुई। पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच हुई कहासुनी के बीच कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने पुतला दहन कर दिया। इस अवसर पर पूर्व विधायक सुनील जायसवाल ने कहा कि भाई बहन के पवित्र रिश्ते पर अभद्र टिप्पणी करने वाले कैलाश विजयवर्गीय मर्यादा में रहिए। गांधी परिवार ने हमेशा उच्च भारतीय संस्कृति एवं मर्यादाओं को आत्मसात एवं अनुसरण किया। अपनी मानसिकता को विकृति की तरफ मत लेकर जाइए। कांग्रेस पदाधिकारी ने कहा कि बेहद शर्म और लज्जा का विषय है कि प्रदेश सरकार ने गो मांस पर जीएसटी को 0 प्रतिशत किया है।

### दुर्गा उत्सव समिति द्वारा किया गया रक्तदान



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** उत्सव समिति ई कक्ष दुर्गा मंडल धुबघट के द्वारा शनिवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सभी ग्रामवासियों ने रक्तदान किया एवं रक्तदान के प्रति लोगों को जागरूक किया। साथ ही रक्तदान के महत्व को बताया गया। इससे जुड़ी भ्रांतियां को दूर किया गया। आयोजन में मंडल सदस्य सिद्धार्थ जाट, अनूप जाट,रामजी जाट ने विशेष भूमिका निभाई। शिविर की मुख्य बात यह रही की 58 लोगों ने रक्तदान किया। ब्लड बैंक जिला चिकित्सालय की टीम जिसमें एम एल चैधरी एल टी संजय सोनी, शाहरुख खान उपस्थित रहे । शिविर में डॉक्टर शिवांशु उप्रैलिया का विशेष योगदान रहा।

### दिव्यांग छात्रावास में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत नरसिंह आनंद क्लब द्वारा दिव्यांग छात्रावास में किया गया सांस्कृतिक संध्या का आयोजन राज्य आनंद संस्थान द्वारा संचालित होने वाले स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत नरसिंह आनंद क्लब द्वारा दिव्यांग छात्रावास में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया है। जिसमें दिव्यांग छात्रों द्वारा नवरात्रि संबंधी देवी गीत एवं स्वच्छता संबंधी गीतो की मनमोहन प्रस्तुतियां दी गई। दिव्यांग गायक राजाराम मल्लाह द्वारा अनेक गीतों पर बांसुरी वादन किया गया। जिनकी प्रस्तुतियां सभी दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा स्रोत रही। उन्होंने अपनी संपूर्ण जीवन यात्रा को विद्यार्थियों की समक्ष रखा कि किस तरह दिव्यांग होते हुए भी उन्होंने अपनी शिक्षा को जारी रखा और स्नातक और डी एड तक की शिक्षा प्राप्त की है। नरसिंह आनंद क्लब के आनंदक शशिकांत मिश्रा ने विद्यार्थियों को वाह्य एवं आंतरिक शुद्धता पर काम करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में नरसिंह आनंद क्लब की अध्यक्ष श्रीमती मुक्ति राय, उपाध्यक्ष श्रीमती यमुना विश्वकर्मा एवं आनंदक साथी और छात्रावास का स्टाफ उपस्थित रहा और उनकी भूमिका भी सराहनीय रही। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती यमुना विश्वकर्मा एवं आभार प्रदर्शन श्रीमती मुक्ति राय द्वारा किया गया।

### महिला पतंजलि योग समिति की बैठक में दिए गए दायित्व



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** महिला पतंजलि योग समिति जिला नरसिंहपुर की महत्वपूर्ण बैठक नरसिंहपुर में आयोजित की गई जिसमें महिला पतंजलि योग समिति की सभी दायित्व धारी बहनों एवं सहयोग योग शिक्षक बहनों की उपस्थित रही। बैठक जिला नरसिंहपुर प्रभारी एवं राज्य संवाद प्रभारी सुमन गुप्ता दीदी द्वारा ली गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य योग के विस्तार प्रचार प्रसार एवं जन जन तक योग संदेश को पहुंचाने हेतु कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए, आगामी 3 माह के लिए तहसील प्रभारी भारती कौरव को नरसिंहपुर जिला सह प्रभारी का दायित्व एवं नमिता कौरव को नरसिंहपुर तहसील सह प्रभारी का दायित्व प्रभार सर्वसम्मति से दिया गया। राज्य संबाद प्रभारी सुमन गुप्ता द्वारा जिले की सभी तहसीलों की योग कक्षाओं में प्रवास हेतु विशेष जोर दिया गया। बैठक महिला पतंजलि की जिला महामंत्री सुषमा मिश्रा, जिला संगठन मंत्री सुश्री रानी हरदेनिया, तहसील प्रभारी भारती कौरव, तहसील महामंत्री मंजू श्रीवास्तव एवं अन्य सहयोग शिक्षिकाओं में रजनी चौरसिया, शकुन नामदेव ,भारती दीक्षित , खुशी पटेल की उपस्थिति रही।



### बैंकिंग में बढ़ते साइबर अपराध की रोकथाम के बारे में सजगता हेतु छात्राओं को जानकारी दी



**गोटेगांव ।** नगर पालिका इंदिरा गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल गोटेगांव में, यूको बैंक के मैनेजर बृजेश असाटी द्वारा बैंकिंग में बढ़ते साइबर अपराध की रोकथाम के बारे में और सजगता हेतु छात्राओं को जानकारी दी गई, और बताया गया कि यदि एटीएम से आपके पैसे कभी धोखाधड़ी से निकल जाते हैं तो तुरंत उसी शाखा में जिसमें आपका अकाउंट है इस शाखा में जाकर शिकायत करने पर राशि वापस मिल जाती है।साथ ही पुलिस विभाग द्वारा मैं हूं अभिमन्यु कार्यक्रम के अंतर्गत एस आई जयवती मैडम के द्वारा समस्त छात्राओं को अपराध से बचने एवं दूसरों को भी बचाने के लिए प्रेरित करने हेतु उद्बोधन दिया गया । प्राचार्य द्वारा समस्त छात्राओं की दो टीम बनाकर महिला और पुरुष के सम्मान के लिए और उनके समाज में अस्तित्व एवं स्थान के लिए वाद विवाद प्रतियोगिता करवाई गई। यूको बैंक द्वारा बैंकिंग में बढ़ते हुए अपराध की रोकथाम हेतु निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त छात्राओं को विशेष पुरस्कार एवं समस्त छात्राओं को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए। यूको बैंक स्टाफ एवं शाला परिवार द्वारा स्वच्छता अभियान के अंतर्गत शाला परिसर की साफ सफाई की गई।उक्त कार्यक्रम में शाला प्राचार्य श्रीमती ऋतु जैन एवं संचिता जैन विनीता पटेल शीतल पाठक सरिता दुबे मानकुंवर पटेल साक्षी साहू प्रीति सोनी मालती साहू और अनुपमा तिवारी आदि समस्त स्टॉफ एवं पुलिस विभाग से दीपिका एवं यूको बैंक से सौरभ सोनी और समस्त छात्राओं की उपस्थिती रही। शाला प्राचार्य द्वारा सभी अतिथियों का आभार प्रदर्शन किया गया।

## पंचमी पर मातारानी की संगीतमय महाआरती का आयोजन



**गोटेगांव।** श्रीधाम शारदेय नवरात्रि के पावन अवसर पर नवयुवक दुर्गोत्सव समिति आजाद वार्ड कलारी मोहल्ला गोटेगांव में पंचमी के अवसर पर मातारानी का पूर्ण वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पंडित गोविंद शुक्ला शुभम शुक्ला सार्थक शुक्ला द्वारा पूजन अर्चन किया गया।तत्पश्चात बड़ी संख्या में उपस्थित भक्तजनों ने मातारानी की संगीतमय महाभारती कर मां की महिमा का गुणगान किया। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी समिति सुदस्यों द्वारा आर्कषक एलईडी से पंडाल को सुसज्जित किया गया है।जो कि गोटेगांव नगर में जन आकर्षक का केंद्र बना हुआ है संगीतमय महाआरती के पश्चात महाप्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर राजेन्द्र राय वीरेंद्र चौकसे संजय नेमा प्रकाश राय सुनील राय अनिल राय नरेश राय राजेंद्र राय होटल अन्नी लाल राय मानक लाल राय चंद्रिका प्रसाद राय राजेश सोनी गुड्डू राय दिनेश सोनी बम बम नारायण गुप्ता मोनू जैन विनोद जैन परसोत्तम दीक्षित हरिश्चंद्र सिगोतिया रिंकू जैन अनुराग राय हर्ष राय रेवाराम कुशवाहा जालम बर्मन हरिओम राय साहिल सोनी विनय राय नेतराम मनीष राय आरंभ राय एवं सभी समिति सदस्य श्रद्धालु बडी संख्या में श्रद्धालु जन एवं मातृशक्ति उपस्थित थे

### शिशु बाल मंदिर दाना गंज में संपन्न हुआ कन्यभोज

बाल शिक्षा समिति द्वारा संचालित नरसिंहपुर जिले का प्राचीनतम शैक्षणिक संस्थान शिशु बाल मंदिर दाना गंज गोटेगांव में आज नवरात्रि के शुभ अवसर पर पंचमी के दिन विद्यालय परिसर में कन्या भोज का भव्य आयोजन किया गया कन्याओं की सेवा और कन्याओं का भोज नवरात्रि के पावन पर्व पर सबसे कल्याणकारी और शुभ माना गया है हमारे हिंदू परंपरा के अनुसार आज विद्यालय में नवरात्रि के पावन पर्व पर कन्या पूजन एवं कन्या भोज बड़ी धूमधाम से आयोजित किया गया जिसमें विद्यालय की 251 कन्याएं एवं 285 बालकों का भोज आयोजित किया गया। महत्वपूर्ण आकर्षण का केंद्र यह रहा कि इस कन्या भोज का आयोजन हमारे विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा ही संपन्न कराया गया जिसमें विद्यालय के व्यवस्थापक एवं बाल शिक्षा समिति के सह सचिव आनंद अग्रवाल एवं संस्था के प्रधान पाठक कमलेश नामदेव एवं शिक्षिका आशा शर्मा सीमा राय मोहिनी चौरसिया प्रतियोगिता गुप्ता रितु दीक्षित रेखा राय सोनल उमरे प्रिया राय भारती बर्मन लता पटेल वसुधा वर्मा ऋषिका पटेल प्रिया साहू निशा गुप्ता अर्चना जैन पूनम सोनी लक्ष्मी उमरे राखी सोनी आरती शर्मा भावना गोल्हानी प्रीति विश्वकर्मा सपना श्रीवास्तव मोना तिवारी रानी जैन मेघा विश्वकर्मा संध्या कहार, बती सुनीता उमा वर्षा मीना ऊषा अजय एवं प्रधान पाठक दीपक कुशवाहा अखिलेश जैन का इन सभी का विशेष योगदान रहा। विद्यालय प्राचार्य शिवशंकर पाठक एवं बाल शिक्षा समिति के सदस्यों द्वारा इस कार्यक्रम की बहुत सराहना की गई जिसमें विद्यालय समिति अध्यक्ष पंकज जैन सचिव बी सोनी कोषाध्यक्ष शिवाजीत ताम्रकार उपाध्यक्ष शक्ति सिंह राजपूत एवं अजीत खरया सभी सदस्य सपरिवार उपस्थित रहे पुण्य लाभ प्राप्त किया।



## केंद्र स्तरीय शैक्षिक संवाद संपन्न



**तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस जन शिक्षा केंद्र चांवरपाठा में कक्षा 3 और 4 एवं 6 से 8 पढ़ाने वाले शिक्षकों का जन शिक्षा केंद्र स्तरीय शैक्षिक संवाद आयोजित किया गया। शैक्षिक संवाद का मुख्य विषय प्रभावी शिक्षण में शिक्षक संदर्शिका की भूमिका एवं पूर्व ज्ञान और समूह कार्य पर सहजकर्ता जनशिक्षक ज्ञान सिंह कौरव ने सभी शिक्षकों से चर्चा करते हुए कहा छात्रों को किसी नए विषय को पढ़ाए जाने से पहले उनके पास उस विषय से संबंधित जो भी जानकारी या अनुभव हो उसका उपयोग करना जबकि समूह कार्य का अर्थ है छात्रों को किसी सीखने के उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए मिलकर काम करने के लिए प्रेरित करना। पूर्व ज्ञान का उपयोग छात्रों को नए ज्ञान को बेहतर ढंग से समझने में मदद करता है, जबकि समूह कार्य सक्रिय सीखने को बढ़ावा देता है। जिससे छात्रों को विचारों का आदान-प्रदान करने और समस्याओं को हल करने का मौका मिलता है। छात्रों के पूर्व ज्ञान को नए पाठ से जोड़कर, शिक्षक उन्हें नई जानकारी को आसानी से समझने और याद रखने में मदद कर सकते हैं। पूर्व ज्ञान पर आधारित चर्चाएँ छात्रों में रुचि और जिज्ञासा पैदा करती हैं, जिससे वे सीखने की प्रक्रिया में अधिक सक्रिय रूप से भाग लेते हैं। छात्रों का पूर्व ज्ञान एक मजबूत आधार प्रदान करता है, जिस पर वे नया ज्ञान निर्मित कर सकते हैं। वही समूह कार्य छात्रों को निष्क्रिय रूप से सुनने के बजाय सक्रिय भागीदार बनने के लिए प्रोत्साहित करता है। यह छात्रों को एक-दूसरे के विचारों को सुनने, उनका मूल्यांकन करने और अपने दृष्टिकोण साझा करने का अवसर देता है। समूह कार्य के दौरान, छात्र न केवल सीखते हैं, बल्कि दूसरों को सिखाते भी हैं, जिससे उनकी समझ और गहरी होती है।